## खबर संक्षेप

### फर्जी पुलिस बन ब्यौहारी में हुई लूट

**शहडोल।** फर्जी पुलिस बनकर चार युवकों से ब्यौहारी नगर में लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है, खबर है कि जैन धर्म कांटा के समीप हरि सिंह गोड पिता शिवलाल सिंह गोड उम्र लगभग 27 वर्ष निवासी सीधी अपने तीन अन्य साथियों के साथ बीती रात बैठकर आपस में बातें कर रहा था। उसी दौरान दो मोटर सायकल में सवार होकर चार युवक उनके पास पहुंचे। चारों युवक बाइक से उतरे और गाली-गलौज करते हुये उसकी व उसके अन्य साथियो की तलासी अपने आपको यह कहकर लेने लगे कि वे थाना के पुलिस वाले हैं। हरि सिंह ने ब्यौहारी पुलिस बताया कि उसके व अन्य साथियों के मोबाइल और लगभग एक हजार रुपये छीनकर यह कहते हुये चले गये कि तुम लोग थाना आओ, वहीं पूछताछ होगी। इसके बाद ही उनके पैसे और मोबाइल वापस होंगे। हरि सिंह गोड़ अपने साथियों के साथ ब्यौहारी थाना गया और वहाँ पर मौजूद पुलिस कार्मियों के समक्ष पूरा घटनाक्रम बताया, आनन-फानन में पुलिस बाइक में सवार युवकों की पड़ताल में लग गई, लेकिन फर्जी पुलिस वालों की कोई सुराग नहीं लगा । बहरहाल ब्यौहारी थाना की पुलिस ने इस मामले में प्रकरण कायम मामले की विवेचना में जुटी है।

### कलेक्टर ने नदियों से रेत उत्खनन कार्य किया पूर्णतः प्रतिबंधित



**शहडोल।** कलेक्टर तरुण भटनागर ने जिले की संचालित रेत खदानों में नदी से रेत का उत्खनन 30 जून से 1 अक्टूबर 2024 तक के लिये रेत उत्खनन कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग नागपुर के निर्देश के अनुसार मध्यप्रदेश में वर्षा ऋतु के लिए मानसून सत्र की अवधि 15 जून से 01 अक्टूबर निर्धारित किया गया है। संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म भोपाल के द्वारा रेत खदान 15 जून से 01 अक्टूबर तक तक रेत (बालू) के उत्खनन पर रोक लगाने के संबंध में स्थानीय मौसम परिवर्तन के आधार पर उक्त निर्धारित वर्षाकाल अवधि में परिवर्तन किया जा सकता है। जिले में मानसून 30 जून 2024 तक सक्रिय हो सकता है। जिले की संचालित रेत खदानों में नदी से रेत का उत्खनन 30 जून से 01 अक्टूबर तक के लिये मानसून सत्र मान्य किया जाता है। प्रश्नाधीन अवधि के दौरान जिले में स्थित नदियों से रेत उत्खनन कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाता है।

### 1 जुलाई को काँग्रेस करेगी धरना-प्रदर्शन

**शहडोल।** नीट परीक्षा में हुई धांधली एवं जिले मे रेत व कोयला के अवैध उत्खनन, बेखौफ कबाड़ माफिया एवं नशे के निरंकुश हो रहे कारोबार के खिलाफ काँग्रेस द्वारा कलेक्ट्रेट के सामने 01 जुलाई को दोपहर 01 बजे से धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस धरना-प्रदर्शन के लिए जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता द्वारा पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनुपम गौतम, महिला काँग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती संध्या सिंह एवं एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी को कार्यक्रम प्रभारी नियुक्त किया गया है। काँग्रेस द्वारा नीट परीक्षा में प्रभावित हुए छात्रों एवं उनके परिजनों, जिले मे हो रहे अवैध कारोबार से त्रस्त आमजन व समस्त कांग्रेसजन से इस धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम मे शामिल होने की अपील की गई है।

### पशुओं का कराया गया टैगिंग व टीकाकारण



**शहडोल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देशानुसार गौवंश रक्षण के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में आज गौशाला रोहनिया विकासखंड सोहागपुर में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती फूलवती सिंह एवं बारूका पंचायत सरपंच श्रीमती पुइसा बाई सहित अन्य लोगों ने गौ-माता का पूजा कर गौशाला परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

# लाखों रूपए में भी पूरा नहीं बना शौचालय, वर्षों से उपेक्षित पड़ा

## बाउण्ड्रीवाल का घटिया निर्माण, सूचना पटल में अधूरी जानकारी








जिले की जयसिंहनगर जनपद की ग्राम पंचायत सरवारी के जिम्मेदारों ने भ्रष्टाचार और अपने कारमानों को लेकर कीर्तिमान रच दिया है, आए दिन इस पंचायत में भ्रष्टाचार के उदाहरण देखने को मिल रहे हैं।

शहडोल।

हैरानी की बात यह है कि भ्रष्टाचार की कलई खुलने के बाद भी जिले में बैठे जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं देते हैं। सरपंच और सचिव यहां जो चाहते हैं अपने मन की करते रहते हैं। शासन का बजट तो खत्म हो जाता है, लेकिन ग्रामीणों को उसका लाभ नहीं मिल पाता है। इन दिनो एक सामुदायिक शौचालय तथा यहीं पर बनी बाउण्ड्री वाल के गड़बड़झाले की जानकारियां मिल रहीं हैं। वर्षों के बावजूद निर्माण तो पूरा हुआ नहीं, राशि का पता नहीं चल रहा है। हालांकि ग्रामीणों ने इस संबंध में अधिकारियों से शिकायत की है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### ऐसा बना सामुदायिक शौचालय

सरवारी पंचायत में जो सामुदायिक शौचालय बनाया गया, उसकी निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत थी, लेकिन पंचायत ने शौचालय का गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने की बजाय वहां धांधली बरती। शौचालय का निर्माण अधूरा पड़ा है, यहां टैंक अधबना और खुला पड़ा है। पाइपें टूटी हुई हैं। नल भी टूटे हुए हैं, पानी की टंकी तो बनी पर आज तक बोरिंग से कनेक्शन नहीं हो पाया है। जिसके कारण उसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। अधूरे भवन को न तो पूर्ण किया जा रहा है और न उसका रख-रखाव हो पा रहा है, इस कारण वह दिनोदिन जर्जर होता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि लाखों रुपए निर्माण कार्य पर फूंक दिए गए लेकिन उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### बाउण्ड्रीवाल का हाल बेहाल

शौचालय के सामने बाउण्ड्रीवाल का घेरा बना दिया गया है। जिसमें कहीं से गेट की गुंजाइश नहीं छोड़ी गई है। आवाजाही के लिए गेट बनाने शायद पुनः बाउण्ड्री को तोड़ा जाएगा और अलग से व्यय किया जाएगा। बाउण्ड्रीवाल के निर्माण में घटिया मटेरियल का उपयोग किया गया है। बताते हैं कि यहां आफ रिकार्ड किसी कमलेश नामक व्यक्ति ने काम किया था। यहां पर एक सूचना पटल अवश्य लगा हुआ है, लेकिन वह भी शौचालय की तरह अधूरा है। उसमें न तो लागत का ब्यौरा है और न कार्य प्रारंभ होने और न कार्य पूर्ण होने की तिथियों का उल्लेख है। यह महत्वपूर्ण जानकारियां जानबूझ कर छिपाई गई हैं। ऐसा इसलिए भी चल रहा है क्योंकि जिले में बैठे अधिकारी यहां कभी नही आते हैं और सरपंच-सचिव को कभी कोई जवाब नहीं देना पड़ता है।

### सुविधाओं से वंचित हैं पंचायत

पंचायत में लाखों की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण इसलिए कराया गया था कि जिससे ग्रामीणों को उसका लाभ प्राप्त हो सके। यह शौचालय पंचायत की बुनियादी सुविधाओं में से एक माना गया था। आते जाते राहगीरों को निस्तार की आवश्यकता महसूस होने पर वे उसका उपयोग कर सकें, लेकिन चूंकि आज तक निर्माण ही पूर्ण नहीं हुआ तो लाभ प्राप्त होने का प्रश्न ही नहीं उठता है। लाखों रुपए का धन बर्बाद हो गया पर लाभ का पता नहीं है। एक जानकारी के अनुसार पंचायत इस कार्य को पूर्ण करने के लिए उत्सुक भी नहीं है, क्योंकि निर्माण के बाद उसके संचालन की कठिनाई उत्पन्न होगी। शौचायल किसके सुपुर्द किया जाएगा यह एक समस्या होगी। पंचायत के सभी निर्माण कार्यों की अगर जांच पड़ताल की जाए तो, यहां कई घोटाले पकड़े जा सकते हैं।

## नपा के सफाई अभियान में नहीं आ रही कसावट

# बस्तियों में कचरे का अंबार, संक्रमण की आशंका बढ़ी

शहडोल।

बरसात प्रारंभ हो जाने के बावजूद नगरपालिका का सफाई अभियान शिथिल पड़ा है। जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ रहा है। नगर के अंदर सघन सफाई अभियान चलाने की जरूरत शायद सीएमओ और चेयरमैन महसूस नहीं कर रहे हैं। अंदरुनी सघन बस्तियों में कचरे की भरमार है, नालियां मलबे से बजबजा रहीं हैं। लेकिन सफाई कर्मी दिखाई नहीं पड़ते। सडक़ों पर झाड़ू अवश्य लग रही है लेकिन केवल मुख्य मार्गों पर बस्तियों के गली कूचे वैसे ही कचरों के ढेर से भरे पड़े हैं। कुछ वर्षों पहले तक नगरपालिका द्वारा वर्षा पूर्व तैयारियों के नाम पर व्यापक सफाई अभियान चलाया जाता था। जिसमें नाली, नालों की सफाई, सडक़ों की साफ-सफाई, कीटनाशक दवाओं का छिडक़ाव आदि किया जाता था। लेकिन इधर लगभग दो वर्षों से यह अभियान बंद सा पड़ा है।

### नहीं उठ रहा बस्ती का कचरा

घरौला व पटेल नगर के कुछ नागरिकों ने बताया कि उनके घरों के आसपास सडक़ किनारे काफी समय से कचरे का ढेर लगा हुआ है, जिसके लिए कई बार नगरपालिका और पार्षद से कहा गया है, लेकिन किसी का ध्यान इस समस्या की ओर नहीं जा रहा है। जबकि गंदगी दिनोदिन सडक़ पर फैलती जा रही है। इससे दुर्गंध उठ रही है, वातावरण दूषित हो रहा है। इस तरफ



कचरा संग्रह वाहन भी नहीं आता है, नगरपालिका न तो कचरा संग्रह वाहन की व्यवस्था करती है और न समय से कचरा साफ कराती है। सूचना दिए जाने पर केवल आश्वासन मिलता है कि जल्द ही सफाई अभियान चलने वाला है।

### नालियां जाम हो रहीं

नालियों में इतना मलबा भर गया है कि वे धीरे धीरे जाम होने लगीं हैं। एक अर्से से नालियों की सफाई नहीं हुई है। जिनसे सड़ांध सी उठने लगी है। मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। इन नालियों की समुचित रूप से साफ सफाई कर कीटनाशक दवाओं का छिडक़ाव कराया जाना चाहिए। नगरपालिका न तो सफाई की ओर ध्यान देती है और न उसके वाहन यहां आते हैं। जबकि कचरा संग्रह वाहन प्रत्येक बस्ती के लिए जरूरी माना गया है और नगरपालिका के पास अब पर्याप्त वाहन व्यवस्था भी है। सफाई कर्मी भी पर्याप्त हैं लेकिन प्रशासनिक व्यवस्था लचर होने के कारण सब मनमानी चलता है। स्वच्छता प्रभारी कभी मौका मुआयना नहीं करते। वे सुबह सफाई ड्यूटी के समय भी कभी उपलब्ध नहीं रहते हैं।

### बढ़ सकता है बस्तियों में संक्रमण

नागरिकों ने इस बात की चिंता जताई है कि बरसात के महीने में बस्तियों में गंदगी की भरमार रहने से संक्रामक बीमारियों के पनपने के प्रबल आसार निर्मित हो रहे हैं। मच्छर व मक्खियों का प्रकोप बढ़ रहा है। मच्छरों के उन्मूलन के लिए फागिंग की व्यवस्था व गंदे स्थानों की सफाई करा वहां कीटनाशक दवाओं का छिडक़ाव अति आवश्यक है। लेकिन नगरपालिका इन आवश्यक कार्यों की ओर ध्यान देती प्रतीत नहीं हो रही है। सीएमओ कभी कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते हैं और न ही वे शहर की सफाई व्यवस्था से कोई सरोकार ही रखते हैं। कई निचले इलाके ऐसे हैं, जहां हर साल वर्षा में पानी का भराव होता है यहां भी पानी के निकासी की पहले से कोई तैयारी नहीं की गई है।

# बस से 37 लाख से भरा बैग पार

## 7 जून को दर्ज हुआ था मामला, पुलिस जल्द करेगी खुलासा

शहडोल।



जिले में ब्यौहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत वन विहार ढाबा के सामने खड़ी बस के अंदर से एक यात्री का 37 लाख रुपये के नोट से भरा बैग ढूंढना पुलिस के लिए सिर दर्द बना हुआ है। जबकि इस घटना को एक महीने बीत चुके हैं। वहीं बीते 07 जून को इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई थी, लेकिन महीने भर बाद भी पुलिस के हाथ आरोपियों तक नहीं पहुंच सके हैं। फरियादी कामता प्रसाद गुप्ता पिता रामबहोर गुप्ता उम्र 52 वर्ष निवासी आंगनवाड़ी केन्द्र के पास सीधी खुर्द वार्ड नंबर-24 पुरानी सीधी थाना सीधी जिला सीधी ने बीते 07 जून को ब्यौहारी थाने जाकर एक शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में उल्लेख किया था कि मैं श्रीगंगा स्टील ट्रेडिंग कंपनी जिला सीधी में काम करता हूं। कंपनी के मालिक देवेन्द्र सिंह चौहान हैं, उनके इस कंपनी में मैं लगभग ढाई साल से काम कर रहा हूं। बीते महीने 26 मई 2024 को श्री गंगा स्टील ट्रेडिंग कंपनी सीधी के प्रबंधक मोहम्मद अफजल के पुत्र मोहम्मद आलम के द्वारा मुझे रायपुर जाने के लिए मनीष ट्रेवल्स के बस क्रमांक सीजी-07 बीटी-5200 में टिकट बुक कराये थे। रात्रि करीब 09 बजे मैं बस में अस्पताल चौक सीधी से सवार हुआ था। मुझे प्रबंधक मोहम्मद अफजल के घर में मोहम्मद अफजल और उनके पुत्र मोहम्मद आलम ने एक भूरे रंग का ट्रली बैग दिया था, जिसमें 37 लाख रुपए थे। उक्त रकम रायपुर मे एक लोहे के व्यापारी को देना था।

### पांच मिनट में गायब हुआ बैग

फरियाद ने बताया कि रुपये वाले ट्रॉली बैग को लेकर बस के अंदर चढक़र स्लीपर सीट में कंडेक्टर जयप्रकाश शुक्ला ने स्लीपर क्रमांक-10 ए में बैठाया था। मेरे साथ स्लीपर में एक व्यक्ति और बैठा था, उसका नाम रामकृष्ण पाण्डेय था। सीधी से बस चलकर ब्यौहारी में वन बिहार ढाबा में रूकी थी। सीधी और ब्यौहारी के बीच बस कहीं नहीं रूकी। ब्यौहारी वन बिहार ढाबा में बस की सवारी बस से उतर कर खाना पीना खा रहे थे। मैं भी रुपयों से भरा ट्रॉली बैग को अपनी स्लीपर सीट पर छोडक़र पेशाब करने के लिए बस से नीचे उतरा और पांच मिनट में पेशाब करके वापस बस में आकर देखा तो मेरा रुपयों से भरा ट्राली बैग गायब हो चुका था।

### पुलिस का दावा शीघ्र होगा खुलासा

पीड़ित द्वारा कंपनी के प्रबंधक को सूचना देने के बाद इसकी शिकायत ब्यौहारी थाने में दर्ज कराई थी। इस पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा-379 भादवि का मामला दर्ज कर कायम विवेचना में लिया गया था, लेकिन आज दिनांक तक पुलिस आरोपियों का सुराग नहीं लगा सकी है। न ही रुपये बरामद किए जा सके हैं। बहरहाल कब तक थाना पुलिस यह मामला सुलझाती है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। आरोपियों की तलाश में पुलिस लगी हुई है, शीघ्र ही इस मामले का खुलासा होगा।

## विद्यालय में मध्यान्ह भोजन गुणवत्तायुक्त एवं मीनू के अनुसार बने: कमिश्नर

# कमिश्नर ने शासकीय प्राथमिक शाला जरवाही का किया निरीक्षण



### छात्रों की उपस्थिति कम होने पर व्यक्त की कड़ी नाराजगी

शहडोल।

कमिश्नर बी.एस.जामोद शहडोल जिले के सोहागपुर विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला जरवाही का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने छात्र-छात्राओं से मैत्री भाव में चर्चा की। छात्रों से चर्चा के दौरान कमिश्नर ने कक्षा तीसरी की छात्रा से हिंदी की किताब पढ़वाई। कक्षा तीसरी की छात्रा हिंदी की किताब ठीक तरह से नहीं पढ़ पाई, जिस पर कमिश्नर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा उपस्थित शिक्षक नरेंद्र कुमार बारगाही को निर्देश दिए की विद्यार्थियों को अच्छी एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा देना सुनिश्चित करें तथा विद्यालय के शैक्षणिक स्तर में भी सुधार लाएं अन्यथा आपके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### अभिभावकों को करें प्रेरित

निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने कक्षा पहली में नव प्रवेशित बच्चों की भी जानकारी ली। जिस पर उपस्थित शिक्षक ने जानकारी देते हुए कमिश्नर को बताया कि इस सत्र में कक्षा पहली में केवल 3 बच्चों का ही एडमिशन हुआ है, जिस पर कमिश्नर ने शिक्षक से कहा की कक्षा पहली में संख्या बहुत कम है तथा निर्देश दिए की छात्रों की संख्या को बढ़ाएं तथा अभिभावकों को विद्यालय में बच्चों के प्रवेश कराने के लिए प्रेरित करें।

### बच्चों के सही जवाब देने पर प्रसन्न हुए आयुक्त

कमिश्नर ने कक्षा चौथी एवं पांचवी के छात्र-छात्राओं से पहाड़ा भी पढ़वाया साथ ही कक्षा की दीवारों में बने गणित के कुछ आकारों के भी नाम पूछे, जिसका छात्र-छात्राओं ने सही जवाब दिया, जिस पर कमिश्नर काफी प्रसन्न हुए तथा छात्र-छात्राओं की सहाराना भी की। कमिश्नर ने विद्यार्थियों से मध्यान्ह भोजन की भी जानकारी ली जिस पर विद्यार्थियों ने बताया कि आज हमें भोजन में दाल, चावल और पूड़ी सब्जी मिली है।

### नाराज हुए कमिश्नर

विद्यालय के निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने छात्र-छात्राओं के लिए बनाए जा रहे मध्यान्ह भोजन का भी निरीक्षण किया। मध्यान्ह भोजन गुणवत्ता युक्त नहीं होने पर कमिश्नर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है तथा निर्देश दिए हैं कि मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता में सुधार लाएं तथा प्रतिदिन मीनू के अनुसार ही भोजन बनवाएं। इस दौरान कमिश्नर ने खाना बनाने वाले रसोइयों से भी चर्चा की। चर्चा के दौरान कमिश्नर ने रसोइयों से विद्यालय में खाद्यान्न उपलब्ध कराने वाले स्व सहायता समूह की जानकारी ली। कमिश्नर ने रसोइयों से कहा कि आप बच्चों के लिए ज्यादातर हरी सब्जियां बनाने का प्रयास करें। इस दौरान कमिश्नर ने विद्यालय परिसर में बने शौचालय का भी निरीक्षण किया तथा निर्देश दिए की शौचालय में समुचित साफ सफाई एवं पानी की व्यवस्था करें तथा छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था करें।

# प्रेमिका के भाई ने दोस्त के साथ मिलकर प्रेमी को पीटा

## पैर पकडक़र मांगता रहा माफी, पीटते रहे युवक, वीडियो बनाकर किया वॉयरल

**शहडोल।** जिले के अमलाई थाना क्षेत्र में प्रेमिका के भाई ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर एक एसईसीएल कर्मचारी को लात घूसों और पाइप से बेरहमी से पीटा। वहीं युवक हाथ-पैर पकड़ कर रिहाई की भीख मांगता रहा, लेकिन बेरहम युवक उसे पीटते रहे। पिटाई करने वाले शख्स ने इस पीटाई का खुद विडियो बनवाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस पिटाई से कर्मचारी युवक के कान व अंदरूनी गंभीर चोट आई है। मारपीट की शिकायत युवक ने अमलाई थाने में की है। पीड़ित की शिकायत पर अमलाई पुलिस ने मारपीट करने वाले बदमाश युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वहीं बेखौफ बदमाश युवक अभी भी पुलिस गिरफ्त से कोसो दूर है।



**बेरहमी से पीटते रहे** - खबर है कि अमलाई के बकहो का रहने वाला दुर्गेश साहू वर्तमान में छत्तीसगढ़ कुसमुंडा एसईसीएल में काम कर रहा है, दुर्गेश का उसी के समाज की एक लडक़ी से प्रेम प्रसंग चल रहा, लेकिन कुछ कारणों से उनकी शादी नहीं हो पा रही है। इस दौरान 21 जून को रिश्ते का चाचा ने फोन कर मिलने के लिए कोतमा रोड बुलाया। जहां पहले से प्रेमिका का भाई मुकुल साहू अपने मित्र मनोज साहू के साथ मौजूद था। युवक ने बताया कि प्रेमिका का भाई मुकुल ने अपने बाइक पर बैठाकर जबरन सोन नदी ढाबा के पास ले गया। फिर अपने दोस्तों के साथ मिलकर लात घुसों और गैस पाइप से बेरहमी से पीटते रहे।

**आरोपी की तलाश कर रही पुलिस** - घटना में युवक में युवक हाथ पैर जोडक़र रहम की भीख मांगता रहा, लेकिन बेरहम युवक उसे पीटते रहे। बदमाश ने एक वीडियो भी बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस पिटाई से कर्मचारी युवक के कान और अंदरूनी गंभीर चोट आई है। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। वही इस पूरे मामले मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान का कहना है कि मारपीट का एक मामला सामने आया था , जिस पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है, आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है

### करकेली जनपद में दम तोड़ती नदी पुनर्जीवन योजना

# कटघरे में प्रशासनिक कार्यप्रणाली भ्रष्टाचारियों पर नहीं होती कार्यवाही

सरकार ने दम तोड़ रही कई नदियों के पुनर्जीवन के लिए अभियान चलाया था, लेकिन पूरी योजना ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई, जिससे मकसद कामयाब नहीं हो सका, लाखों रूपये की लागत से निर्माण कार्य करने की पीछे सरकार का उद्देश्य था कि लोगों को स्वच्छ पानी मिले, लेकिन पूरी योजना में जिम्मेदारों ने सेंध लगा दी, पंचायत में नौकरशाहों ने खुलकर मनमानी की, शिकायतों के बावजूद कार्यवाही न होना प्रशासनिक कार्य प्रणाली को कटघरे में खड़ा करता है।



उमरिया

जिले की जनपदों में किस स्तर का भ्रष्टाचार होता है, यह जिला पंचायत एवं कलेक्टर कार्यालय को छोडकर आमजनमास को पता है, बीते दिनों करकेली जनपद की सीईओ लोकायुक्त की रडार में आई, जिसके बाद ईमानदारी का ढोल पीटने वालों की कलई खुलकर सामने आ गई, शिकायतकर्ता की मजबूरी और कारोबारियों की शक्ल ले चुके वरिष्ठों की कार्यशैली को जानने वाले पंचायत के सरपंच ने जनपद सीईओ की शिकायत लोकायुक्त से करना ज्यादा मुनासिब समझा, करकेली जनपद में नदी पुनर्जीवन के नाम पर करोड़ों रूपये स्वाहा होने के बावजूद वांछित नतीजे नहीं सके, अफसरशाही और भ्रष्टाचार ने नदी का दम ही घोट दिया है, अदालतों और राष्ट्रीय हरित अधिकरण में नदी के पुनर्जीवन की लड़ाई चल रही है, लेकिन जिले में करोड़ों रूपये खर्च होने के बावजूद भू-जल स्तर नीचे जा रहा है। आज नदी अपने वजूद के लिए तरस रही है, हालत यह है कि गर्मी के दिनों में नलकूपों की सांसे भी फूलने लगती है, नदी को पुनर्जीवित करने की बजाए, जिम्मेदारों ने इसे भ्रष्टाचार की जरिया बनाया और जमकर योजना में बंदर-बांट की।

#### मशीन-ठेके सहित ठेके पर काम

करकेली जनपद की नरवार-29 पंचायत में योजनाओं के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार हुआ है, लेकिन जनपद से लेकर जिले में बैठे जिम्मेदारों ने कभी सुध नहीं ली, पंचायत में जो जल संरक्षण के कार्य कराये गये हैं, जैसे कि बड़े तालाब जिनमें अपस्ट्रीम एवं डाउन स्ट्रीम के स्लोप का ध्यान नहीं रखा गया है, इसी तरह लघु व बड़े तालाब का काम मशीनों व ठेके से कराया गया है। स्टॉप डैम व रपटा का स्थल चयन उपयुक्त स्थान पर नहीं है। मनमर्जी से लघु तालाब, बड़े तालाब, स्टॉप डैम, रपटा निर्माण कराया गया है, जिसमें एसडीओ व उपयंत्रियों ने खुद ठेकेदारी कर काम कराने की चर्चा अपने उफान पर है, मजे की बात तो यह है कि लगभग निर्माण कार्यो में स्टीमेट से हटकर काम हुआ, लेकिन तकनीकि जिम्मेदारों को कोई खामी नजर नहीं आई।

#### टू-वैली सिद्धांत का दरकिनार

नदी पुनर्जीवन कार्यक्रम के माध्यम से कैचमेन्ट एरिया में मृदा एवं जल संरक्षण की संरचनाएँ बनाकर सूख चुकी या सूखने की कगार पर पहुँच चुकी नदी के प्राकृतिक प्रवाह को पुनर्जीवित किये जाने का उद्देश रहा, प्रदेश के लगभग 45 जिलों में नदी पुनर्जीवन कार्यक्रम 2019 से क्रियान्वित किया जा रहा है। जो वर्ष 2023 तक चलेगा, जिले की लमरी नदी का चयन उक्त परियोजना के लिए किया गया था। नदी पुर्नजीवन कार्यक्रम में ''रिज टू व्हैली'' के सिद्धांत पर विकास कार्य चयनित कर सम्पादित कराये जाने थे। अरबो रूपये के विकास कार्य जिनका उल्लेख विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन में अग्रिम में प्रावधानित कर भोपाल प्रेषित किया गया है। विकास कार्यो को पहाड़ी से घाटी तक श्रृंखला में सम्पादित किया जाना था, लेकिन यहां प्रतिवेदन को दरकिनार कर सीधे टू-वैली सिद्धांत के विपरीत सीधे कार्य कराया गया है, जो आर्थिक अपराध की श्रेणी में आता है।

#### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी योजना

ग्राम पंचायत नरवार-29 में अमृत सरोवर की तालाब की हकीकत सामने है, नियमों के तहत अमृत सरोवर चारों ओर पैदल पथ ऊंची दीवार के साथ सीढ़ी युक्त रैप तालाब में पानी के प्रवेश द्वार, निकासी के लिए आउटलेट-इनलेट तालाब के चारों और तार के माध्यम से फेंसिंग लगाने और बैठने के लिए बेंच आदि का निर्माण कार्य किया जाना था, तालाब के चारो ओर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपना भी एजेड़े में है, लेकिन बीते वर्षो में हुए करकेली जनपद में एक भी अमृत सरोवर कायदों के अनुसार नहीं बनाये गये है। रसातल में जाते जल और भू-जल की उपलब्धता को बनाए रखने के लिए केंद्र सरकार ने एक महत्वाकांक्षी योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है।

#### फर्जी बिल बाउचर

सरकार की मंशा थी कि ऐसी नदियां जो वर्षाकाल के बाद सूख जाती हैं और इस पर आधारित आजीविका और पारिस्थितिक तंत्र प्रभावित होता है, उन नदियों को सदानीरा बनाया जाएगा। नदी पुनर्जीवन योजना के तहत नदी में बारह माह पानी का सतत प्रवाह बनाए रखने जिले की लमरी नदी का भी चयन हुआ था, लेकिन लाखों खर्च होने के बावजूद लमरी नदी अपनी अस्तित्व की तलाश में है, नदी पुर्नजीवन के तहत लघु तालाब, टैंक, कंट्रूल टैंक, रपटा, स्टॉप डैम लाखों की राशि खर्च कर बनाये गये हैं, लेकिन स्टीमेट के अनुसार कहीं भी कार्य नहीं हुआ है। नदी पुर्नजीवन के नाम पर मनरेगा अधिकारी, एसडीओ तथा करकेली जनपद के अन्य सब इंजीनियर योजना के लिए ग्रहण बन गये, आज लमरी नदी की हालत धरातल पर जाकर देखा जाये तो, वह स्वयं अपने अस्तित्व की तलाश करती देखी जा सकती है। फर्जी बिल बाउचर बनाकर शासन द्वारा भेजी गई राशि में जमकर जिम्मेदारों ने सेंध लगाई है।

## राजस्व अधिकारी नक्शा तरमीम, जाति प्रमाण पत्र, सीमांकन तथा ई केवायसी का कार्य प्राथमिकता से करें: कलेक्टर



**उमरिया।** राजस्व अधिकारी नक्शा तरमीम जाति प्रमाण पत्र, सीमांकन तथा ई केवायसी का कार्य प्राथमिकता से करें। यह निर्देश कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कलेक्टर सभागार में संपन्न राजस्व, अधिकारियों की बैठक में दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम पाली टी आर नाग, एसडीएम बांधवगढ रीता डेहरिया, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, अधीक्षक भू अभिलेख सहित तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित रहे। कलेक्टर ने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन तथा राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी राजस्व अधिकारी शासन व्दारा निर्धारित समय सीमा में प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें अन्यथा संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध पेनाल्टी लगाने की कार्यवाही की जाएगी । आपने अपर कलेक्टर को निर्देश दिए कि जिन अधिकारियों की प्रगति अपेक्षित नही रही हो, या जिनके न्यायालयों में समय सीमा के बाहर के प्रकरण लंबित है , उनकी एक-एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने की कार्यवाही करें तथा शासन व्दारा निर्धारित पेनाल्टी भी लगाए। कलेक्टर ने कहा कि भू-राजस्व वसूली शाला उपकर, डायवर्सन की वसूली में प्रगति लाएं। लक्ष्य के अनुसार वसूली सुनिश्चित करें । इसी तरह भू अभिलेख की दुरूस्तगी, नव प्रवेशी एवं अन्य विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनानें की कार्यवाही, सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित कराएं। आपने गौवंश के संरक्षण तथा गौशलाओ के संचालन की मानीटरिंग करने, जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बनाई गई जल संरचनाओं को राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने, वृक्षारोपण के लिए जगहों का चिन्हांकन करने तथा वर्षा काल में सूचनातंत्र को मजबूत करनें के साथ ही तहसील स्तर पर भी कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना तथा पीएम जन मन योजना के तहत बडी संख्या में आवास बनाए जा रहे है । अपरिहार्य स्थिति में ही राजस्व अधिकारी स्टे की कार्यवाही करें । आपने कहा कि राजस्व अधिकारी स्कूलों, उचित मूल्य की दुकानों, स्वा0 संस्थाओं का औचक निरीक्षण करें, इसके साथ ही ग्राम स्तर तक पंचायत ग्रामीण विकास विभाग के अमले के साथ समन्वय बनाकर योजनाओं को अमलीजामा पहनाएं।

## अधिकारियों-कर्मचारियो की लगाई गई ड्यूटी

**उमरिया।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व्दारा दिए गए निर्देशानुसार जिले में लोक सभा एवं विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए वीजन डाक्यूमेंट आगामी एक वर्ष एवं पांच वर्ष हेतु तैयार किया जाना है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने वीजन डाक्यूमेंट तैयार करने हेतु डा अभय पांडेय प्राचार्य शासकीय माडल कालेज, सुशील मिश्रा डाईट फ्रेक्लटी डाईट, प्रदीप सिंह गहलोत प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल खलेसर, संजय पाण्डेय क्षेत्र संयोजक जन जातीय कार्य विभाग, गरिमा शर्मा व्याख्याता शासकीय पालीटेक्निक कालेज, राज कुमार महोबिया शिक्षक शासकीय उमावि करकेली, गणेश सोनी डाटा इंट्री आपरेटर तथा राकेश व्दिवेदी डाटा इंट्री आपरेटर की डियुटी लगाई है। कलेक्टर ने अधिकारियों, कर्मचारियों से कहा है कि लोकसभा एवं विधानसभा क्षेत्र के विकास हेतु वीजन डाक्यूमेंट जिले के समस्त विभागों से जानकारी संकलित कर एक वर्ष एवं पांच वर्ष हेतु तैयार कर दो दिवस के अंदर प्रस्तुत करें।

## सी.ए.सी. मेंटर प्रशिक्षण संपन्न



**उमरिया।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान उमरिया में जिला सिंगरौली से आये शिक्षकों का पाँच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्नर हुआ । राज्य शिक्षा केंद्र के आदेशानुसार कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभय सिंह उमरिया के मार्गदर्शन में जिला सिंगरौली से आये सी.ए.सी. का पाँच दिवसीय प्रशिक्षण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान उमरिया में तीन कक्षों में विषय गणित, हिंदी और अंग्रेजी प्रशिक्षण संपन्न किया गया. यह प्रशिक्षण राज्य शिक्षा केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर आये मास्टर ट्रेनर दादूराम सेन, संतोष भट्ट (गणित), अशोक कुमार गौतम, श्री सुदेश यादव (अंग्रेजी) व किरण गुप्ता, राजेश्वर मिश्रा हिंदी के द्वारा प्रदान किया गया. साथ में निपूर्ण प्रोफेशनल आदित्य राज गुप्ता द्वारा समय-समय पर विशेष जानकारी उपलब्ध कराई गई. प्रशिक्षण में जिला सिंगरौली के 72 जनशिक्षक प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त किये. प्रशिक्षण में प्रत्येक दिवस डाइट प्राचार्य व जिला परियोजना समन्वयक की उपस्थिति रही

## एचआईवी सिफलिस स्कीनिंग शिविर संपन्न



**उमरिया।** जेल अधीक्षक डी.के. सारस ने बताया कि जिला जेल उमरिया में प्रवेश हुये 119 बंदियों की एच.आई.वी., सिफलिस स्कीनिंग के लिए शिविर आयोजन किया गया। जेल में ही जांच केन्द्र होने से जेल चिकित्सक के निर्देशन में 86 बंदियो का जांच की गई । नोडल अधिकारी जिला एड्स नियंत्रण समिति जिला उमरिया डाक्टर मुकुल तिवारी एवं मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन के निर्देशन में आयोजित कैम्प में परामर्शदाता शिवांशु सिंगौर, अनुज रजक, नीलेश लखेरा एवं प्रियंका यादव जाँच , परीक्षण हेतु उपस्थित हुये। शिविर मे 33 बदियों की जाँच की गई।

इस अवसर पर जेल चिकित्सक डॉ एस. के. जैन, जेल अधीक्षक डी. के. सारस एवं जेलर , उप अधीक्षक माखन सिंह मार्को तथा मेलनर्स कनिका रामपाल उपस्थित रहे। ड्यूटीरत मुख्य प्रहरी ने बंदियो को अनुशासन में रखकर शिविर में उपस्थित कराकर आयोजन को सफल बनाया गया।

## धवईझर में किसानों को कोदो, कुटकी के बीज वितरित किए




**उमरिया।** विधायक बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र शिवनारायण सिंह ने ग्राम धवईझर में बैगा कृषको को चार-चार किलो कोदो एवं 10 बैगा कृषको को कुटकी बीज का वितरित किया। विधायक ने कहा कि यह उन्नत बीज है तथा इस बीज को सम्हालकर रखना है तथा अगले साल भी बीज बनाकर रखना है तथा अपने उपयोग हेतु अन्य कृषको से बदले में उन्नत बीज देकर उपयोग करने हेतु कोदो प्राप्त करना है।

उप संचालक कृषि खेलावन डेहरिया ने बताया कि श्री अन्न प्रोत्साहन देने हेतु महासंघ का गठन किया गया है जिसका नाम श्री अन्न प्रोत्साहन कृषक उत्पादन संगठन है । महासंघ इस वर्ष एफपीओ के माध्यम से कोदो एवं कुटकी का क्रय करेगा। इस हेतु किसानो को इस वर्ष 20 रूपये प्रति किलो की दर से कोदो और 30 रूपये प्रति किलो की दर से कुटकी का भुगतान एफ0पी0ओ0 द्वारा किया जायेगा। राज्य शासन स्तर से ऐसे किसानो को 10 रूपये प्रति किलो की दर से अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि डी0बी0टी0 के माध्यम से भुगतान करेंगे।

## हज से वापस आये शब्बीर हुसैन व उनकी पत्नी का हुआ स्वागत

कोतमा



नगर के समाजसेवी एवं बड़े मुल्लाजी परिवार के शब्बीर हुसैन बोहरा एंव उनकी पत्नी फातिमा हज पर गए थे। हाजी शुक्रवार को 44 दिन बाद अपने घर वापस आए। हाजियों के स्वागत के लिए परिवार सहित नागरिक इकट्ठा होकर भव्य तरीके से बनिया टोला से स्वागत किए। हाजी सब्बीर हुसैन से गले व मुसाफा करने के लिए घंटों लोगों का ताता लगा रहा वहीं लहसुई के गायकों ने अपनी आवाज में नात व सलाम पढ़ते हुए गांव में दाखिल हुए। गांधी चौक में हज यात्रा से वापस आए हाजी शब्बीर हुसैन बोहरा का रिश्तेदारों एवं शुभचिंकों ने जोरदार ढंग से स्वागत किया। मध्य प्रदेश के राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल भी उनके निवास पहुंचकर जोरदार ढंग से उनका स्वागत किया एवं कहां की हज यात्रा एक बहुत कठिन यात्रा है इसमें मात्र हज करने वाले को दो कपड़ों में यात्रा करनी पड़ती है। इस बार मक्का मदीना में 52 डिग्री सेल्सियस तापमान था और हीट वेव से कई लोगों की मृत्यु भी हो गई है। ऐसे में हाजी शब्बीर हुसैन सकुशल वापस आ गए उन्हें ईश्वर स्वस्थ्य एवं मस्त रखें। हाजी शब्बीर हुसैन बोहरा ने कहा कि हज यात्रा के दौरान उन्होंने नगर की अमन चैन शांति के लिए अल्लाह ताला से दुआ मांगी है हमारे नगर में ऐसे ही भाईचारा कायम रहे। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष इकबाल हुसैन बोहरा अख्तर हुसैन अफसर हुसैन नपा अध्यक्ष नागरिक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। हर साल सऊदी अरब के पवित्र मक्का शहर में धूल-हिज्जा महीने में हज की यात्रा की जाती है। धूल-हिज्जा इस्लामिक कैलेंडर व हज 44 दिनों की धार्मिक यात्रा है जो सऊदी अरब के मक्का शहर मैं होती है। इस्लाम के अनुसार हर मुस्लिम को अपने जीवन में एक बार हज जरूर जाना चाहिये।


## वातावरण को प्रदूषित होने से रोकने चलाया जा रहा पौधरोपण अभियान



**कोतमा।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्य तिथि से लेकर उनके जन्मदिन 6 जुलाई तक मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत कोतमा बीएमओ डॉ आर के वर्मा के नेतृत्व में कोतमा डीएमसी लैब टेक्नीशियन मो हनीफ खान, एसटीएलएस कु ज्योति गुप्ता द्वारा अस्पताल परिसर में पौधरोपण किया गया। इस अभियान के माध्यम से लोगो को पेड़ लगाने की अपील और वातावरण को प्रदूषित होने से रोकने के लिए जागरूक भी किया गया। इस कार्यक्रम में कोतमा अस्पताल के सभी स्टाफ मौजूद रहे। जिला क्षय अधिकारी डॉ एस सी राय ने भी इस नेक कार्य की प्रसंसा की और व्यक्तिगत रूप से इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को भी पेड़ लगाने का संदेश दिया।

## भूमि विवाद में जान से मारने की धमकी ओम प्रकाश रजक ने लगाई न्याय की गुहार





**जमुना/कोतमा।** जमुना कालरी के निवासी ओम प्रकाश रजक ने थाना भालूमाडा में अपने आराजी खसरे की भूमि पर अवैध कब्जा और जान से मारने की धमकियों की शिकायत दर्ज कराई है। ओम प्रकाश ने बताया कि उन्होंने 2019 में ग्राम छौहरी की खसरा संख्या 461/1/2 और 461/1/3 की भूमि खरीदी थी 3 फरवरी 2023 को उन्होंने नक्शा बनवाया और 17 जून 2023 को सीमांकन भी करा लिया था। शिकायत के अनुसार 24 मई 2024 को लोकनाथ पिता घासी ने ओम प्रकाश की भूमि पर अवैध रूप से ईंट गिराकर निर्माण कार्य करने की कोशिश की जब ओम प्रकाश ने विरोध किया, तो लोकनाथ और उनके दो बेटों ने उन्हें गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी ओम प्रकाश का आरोप है कि लोकनाथ और उनके बेटे उन्हें बाहरी बताते हुए धमकियाँ दे रहे हैं और उनकी भूमि पर लगे पेड़ों को काटकर अपने जान-पहचान के लोगों में बाँट दिया। ओम प्रकाश ने यह भी बताया कि लोकनाथ ने जंगल विभाग में उनके खिलाफ झूठी शिकायत की है कि पेड़ उन्होंने कटवाए हैं। लोकनाथ ने धमकी दी कि गांव के लोग उनके साथ हैं और वे दर्जनों गवाह खड़ा कर देंगे इससे पहले भी 2013 में मंगलम आईटीआई के निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न की गई थी ओम प्रकाश के अनुसार, लोकनाथ तब से उनके प्रति द्वेष रखते हैं यहां तक की पटवारी की भी बात नहीं मान रहा है जबकि उनके पास उक्त जमीन का नक्शा तर्मीम और सीमांकन दोनों नहीं है।ओम प्रकाश ने थाना प्रभारी सहित जिला कलेक्टर से मामले की जांच करने और उन्हें न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

## मवेशियों की निर्मम हत्या पर पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार

**भालूमाड़ा।** जिले के भालूमाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम सकोला निवासी राजकुमार साहू ने आरोप लगाया है कि गिन्ना चौधरी, मालू चौधरी, छिन्नू चौधरी और भूरनदास चौधरी ने मिलकर उनके 5 मवेशियों की निर्ममता से हत्या कर दी।

राजकुमार साहू का कहना है कि इन मवेशियों की कुल कीमत लगभग चार लाख रुपये थी। इस मामले में पुलिस ने गिन्ना चौधरी, मझलू चौधरी, छिन्नू चौधरी और भूरनदास चौधरी के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजकुमार साहू ने बताया कि 24 जून को शाम 4 बजे वह अपने मवेशियों को चराने पतेरा टोला की तरफ गए थे शाम 6 बजे जब वह अपने घर से वापस लौटे तो मवेशी गायब थे अगले दिन, ग्राम बुढानपुर के अशोक चौधरी ने उन्हें जानकारी दी कि गिन्ना चौधरी, मझलू चौधरी, छिन्नू चौधरी और भूरनदास चौधरी ने मवेशियों को पकड़कर कलमुडी रेलवे पटरी की ओर ले गए थे। 25 जून की सुबह जब राजकुमार साहू कलमुडी रेलवे पटरी पर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि उनके मवेशियों को निर्ममता से मारकर रेलवे पटरी पर फेंक दिया गया था। मवेशियों के पैर में रस्सी बंधी हुई थी और उनके शव रेलवे पटरी के पास पड़े थे मांस को बेच दिया। राजकुमार साहू ने इस घटना की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई और पशु चिकित्साधिकारी कोतमा से पोस्टमार्टम कराया गया। प्रथम



दृष्टया, यह घटना भारतीय दंड संहिता की धारा 429 के तहत अपराध साबित होती है। राजकुमार साहू जो अत्यंत गरीब है और इन्हीं भैंसो से दूध बेचकर वह अपना और अपने परिवार का जीवन भरण पोषण करता था अब वह मरने की स्थिति में आ गया है ने पुलिस से गिन्ना चौधरी, मझलू चौधरी, छिन्नू चौधरी और भूरनदास चौधरी के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर न्याय की गुहार लगाते हुये इन आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये। ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मामले में त्वरित और उचित कार्रवाई की मांग की है।

## परिषद की बैठक मे सिर्फ एक पार्षद ने उठाई आवाज, सभी प्रस्ताव पास

# एक वार्ड छोड़ कर पूरे धनपुरी में रामराज्य



**धनपुरी।** सोहागपुर कोयलांचल मुख्यालय के नाम से ख्याति प्राप्त मध्य प्रदेश की सबसे संपन्न नगर पालिकाओं में से एक धनपुरी के सिर्फ एक वार्ड को अपवाद मान लिया जाए तो पूरे नगर में राम राज्य कायम है, किसी वार्ड में कोई समस्या नहीं है। नागरिकों को किसी प्रकार की कोई तकलीफ नहीं है और यही वजह है कि नगर परिषद के सभी पार्षद सदस्य फील गुड का एहसास कर रहे हैं। नगर पालिका परिषद की गुरुवार को हुई बैठक के नजारे से तो यही साबित होता है।

### सभी प्रस्ताव मंजूर

नगर पालिका सभागार में गत गुरुवार सुबह 11.30 बजे परिषद की बैठक आचार संहिता के चलते 3 माह उपरांत आहूत की गई। नगरपालिका के वार्डों के पार्षद, नगर पालिका अध्यक्ष रविंदर कौर छावडा सहित नपा अधिकारी कर्मचारी के उपस्थिति में परिषद कि बैठक में 11 बिंदुओं पर नगर के निर्माण कार्यों मूलभूत समस्याओं को लेकर बिंदु बार प्रस्ताव परिषद में पढ़कर सुनाया गया जो हर बार की तरह सभी बिंदुओं पर बिना कोई रोक टोक के पास हो गया।

### रामराज्य सही या मुंह में दही

परिषद की बैठक में वार्ड नंबर 18 पार्षद आनंद मोहन जायसवाल ने नगर की समस्याओं पर आवाज उठाई बाकी अन्य पार्षदगण पूरे समय खामोश रहे। श्री जायसवाल ने वार्ड में प्रकाश व्यवस्था साफ सफाई व्यवस्था अपनी समस्या को लेकर परिषद में आवाज उठाई गई। झूठी जानकारी से नाराजगी व्यक्त करते हुए वार्ड नंबर 18 में प्रकाश व्यवस्था अतिशीघ्र की जाए साफ सफाई पानी की व्यवस्था भी दुरुस्त करने की बात कही गयी। 3 माह के बाद परिषद की बैठक हुई परिषद की बैठक में लगभग सभी पार्षदगण सहित नेता प्रतिपक्ष भी खामोश रहे जिससे प्रतीत होता है कि वार्ड में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है या उन्हें कुछ भी बोलने मनाकर दिया गया जिसके कारण समस्याओं की भरमार के बावजूद मुंह में दही जमी रही।

### पार्षदों की उपेक्षा

कुछ पार्षदों का कहना है कि निर्माण कार्यों में सब लोग किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं करते फिर हम पार्षद वार्डों की वार्डों की साफ सफाई प्रकाश व्यवस्था अपनी समस्या पर ध्यान क्यों नहीं दिया जाता। इसके पूर्व परिषद की बैठक में नगर पालिका द्वारा विकास और सौंदर्यीकरण के नाम पर नगर में विकास कार्य किया जा रहे हैं। लेकिन धनपुरी की तस्वीर और तकदीर बदलने वाली विकास देखने को नहीं मिल रही है जो नगर की सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी जब धनपुरी नगर पालिका के सामने निकली नरगडा पुल से बघइया पुल तक लगभग डेढ़ किलोमीटर मॉडल रोड का निर्माण हो जाए तो नगर का विकास में चार चांद लग सकता है, नगर पालिका परिषद की बैठक में वार्ड पार्षद के द्वारा मॉडल रोड बनाए जाने पर जोर दिया गया था इस पर अभी तक कोई पहल करते नजर नहीं आ रहा है। आखिर क्यों इस कार्य पर नपा नजर अंदाज किया जा रहा है!

### खोटा सिक्का बने पार्षद

नगर पालिका हर बैठक में वार्डों के पार्षद अपने मकसद में खरे नहीं उतर रहे हैं पार्षदों के द्वारा परिषद की हर मांह की बैठक में वार्ड में पेयजल, बिजली, साफ सफाई अन्य समस्याओं को लेकर अपनी समस्याएं परिषद में रखा जाता है लेकिन समस्या सुनी जाती है लेकिन हल नहीं होती। वार्ड वासियों के द्वारा पार्षदों से वार्ड की समस्या को लेकर लगातार फोन से संपर्क बनाए रहते हैं समस्या हल नहीं होती। आगामी बैठक में फिर वही समस्या को दोहराया जाता है। जब पार्षदों की समस्या हल होने का नाम नहीं ले रही है। तो आम जनता की समस्या कैसे हल होगी। लोगों का कहना है कि उन्होंने जिन पार्षदों को चुनकर नगर पालिका में भेजा वह पता नहीं किन कर्म बस खोटा सिक्का साबित हो रहे हैं।

### यह प्रस्ताव हुए पारित

प्रस्तुत प्रस्ताव :- 1- वर्ष 2018 से दैनिक मस्टर श्रमिकों को आउट सोर्सिंग में किये जाने के संबंध में।2-निकाय में कार्यरत दैनिक मस्टर श्रमिकों की समयवृद्धि बावत।3- वार्ड क्र0-13 सरदार वल्लभ भाई पटेल काम्प्लेक्स के सामने मैदान में डामरीकरण कार्य।4- वार्ड क्र0-2 करबला पुलिया के आगे से जुड़वा तालाब तक रोड़ निर्माण। 5- वार्ड क्र0-2 में क्लब हाउस, स्वीमिंगपूल, वाटर पार्क निर्माण को दृष्टिगत रखते हुये सौन्दर्गीकरण के तहत क्यारी निर्माण एवं प्लांटेशन कार्य।6- ई-निविदा क्र0-1145 दिनॉक-18.09.2023 ई-टेण्डर आई०डी० क्र०-2023_UAD_308927_1 वार्ड क्र0-2 सरईकापा रोड़ में सर्वसुविधायुक्त निर्माणाधीन क्लब हाउस का पुनरीक्षित प्राक्कलन।7- ई-निविदा क्रमांक 73 दिनांक-26.07.2023 ई-निविदा आईडी क्र०-2023_UAD_294433_1 वार्ड क्र0-26 में माईनर ब्रिज निर्माण का पुनरीक्षित प्राक्कलन के संबंध में।।8- वित्तीय वर्ष 2024-25 से स्वच्छता सामग्री क्रय हेतु प्राप्त न्यूनतम।9 ई-निविदा क्र0-2604 दिनांक-13 03.2024 ई-टेण्डर आईण्डी० क्रमांक-2024_यूएडी_3452541 वित्तीय वर्ष 2024-2 के लिए टेंट किराये हेतु ज्ञान हेतु प्राप्त न्यूनतम दर पर विचार एवं निर्णय।


## खबर संक्षेप

### झूलेलाल गेट का जैतपुर विधायक ने किया लोकार्पण



**बुढार।** नगर परिषद के द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 3,4 में विधायक निधि से तैयार विशाल झूलेलाल प्रवेश द्वार का लोकार्पण भव्यता के साथ जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने फीता काट कर किया।कार्यक्रम के मुख्यातिथि जय सिंह मरावी ने संबोधित करते हुए कहा कि नगर विकास के कार्यों के लिए में हमेशा तत्पर रहूंगा। लोकार्पण कार्यक्रम में प्रभारी सीएमओ सौरभ श्रीवास्तव, उपयंत्री सीपी पांडेय, दौलत मनमानी, दीपक शर्मा, सच्चा नंद दानबानी, मनोहर दास,पार्षद मोहन वैगा,श्रीमती सविता सिंह जूली जैन, सुमित्रा नामदेव, जूली रजक,अभय शुक्ला, संजय दुबे, अमीरुद्दीन, सहित विभागीय जन एवं सिंधी समाज के लोग उपस्थित रहे।

### रामकृष्ण शिवाजी का प्रतिदिन भजन संध्या कार्यक्रम



**धनपुरी।** पुरानी बस्ती में संयम काल शार्य 6 से 7 बजे तक भजन संध्या का कार्यक्रम प्रतिदिन 1जुलाई से निरंतर किए जाने का निर्णय लेबरों ने लिया है। मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय सचिव राम बिहारी शर्मा के निज निवास स्थित शिव मंदिर के सामने रामकृष्ण शिवजी का भजन प्रतिदिनकिया जाएगा जो लेबरों ने निर्णय लिया गया है। धर्म लंबियों कार्यक्रम में पधारे।

### रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**रीवा।** सहकारी समितियों में संचालक मण्डल के सदस्यों, पदाधिकारियों एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एमबी ओझा ने बताया कि महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित गोहट तथा दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित डाढ़ा में निर्वाचन के लिए उप अंकेक्षक बीएल कनौजी को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### जिले में अब तक 38.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में एक जून से अब तक 38.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि तहसील हुजूर में 52.8 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 13 मिलीमीटर, गुढ़ में 15 मिलीमीटर, सिरमौर में 51.4 मिलीमीटर, त्योंथर में 25 मिलीमीटर, सेमरिया में 78 मिलीमीटर, मनगवां में 23 मिलीमीटर तथा जवा तहसील में 49 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 61.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है। जिले में 29 जून को 5.4 मिलीमीटर दैनिक वर्षा दर्ज की गई। इस दिन रायपुर कर्चुलियान में एक मिलीमीटर, त्योंथर तहसील में 8 मिलीमीटर, जवा में 6 मिलीमीटर तथा सेमरिया तहसील में 28 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

### लौर पुलिस ने रात्रि में ताला तोड़कर चोरी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**मऊगंज।** जिले के थाना लौर अंतर्गत कई महीनों से लगातार हो रही चोरियां की सूचना थाना में मिलने पर थाना प्रभारी लौर जगदीश सिंह ठाकुर द्वारा कार्रवाई करते हुए अपराध सदर कायम कर माल मुल्जिम की पता तलाश की गई जो संदेही अभिषेक सिंह उर्फ आयुष को ग्रामीण जनों की मदद से पकड़कर पूछताछ की गई।

## ग्रंथपाल डॉ. देवेश शुक्ला को दी विदाई एवं सम्मान समारोह



**रीवा।** शासकीय स्नातक महाविद्यालय गुढ मे डॉ.देवेश शुक्ल (ग्रंथपाल) का शासकीय सेवा से सेवानिवृत होने के पश्चात विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया! कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य डॉ ए. के. यस. तिवारी जी द्वारा सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया! कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप टी आर एस कॉलेज रीवा के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ एसपी शुक्ला सर, डॉ भूपेंद्र सिंह , डॉ एस पी सिंह, डॉ.अखिलेश शुक्ल, डॉ अजय सिंह चौहान ,डॉ द्विवेदी जी द्वारा देवेश शुक्ला जी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए सेवानिवृत्ति के बाद आगे के जीवन काल के लिए शुभेच्छा संप्रेषित किया गया कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से रंगारंग प्रस्तुति एवं विदाई गीत के माध्यम से कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की.. कार्यक्रम के अंत में देवेश शुक्ला जी द्वारा बच्चों को अनुशासन में रहकर अपने कर्तव्य पथ पर अग्रषित रहने व भविष्य के लिए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं संप्रेषित किया गया..कार्यक्रम का सफल संयोजन डॉ.राजेंद्र कुमार तिवारी जी ने किया..इसके अलावा कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्य रूप से डॉ.शैलवाला मिश्रा श्रीमती रेखा मिश्रा डॉ.जेडी प्रजापति डॉ.संदीप कपूर डॉ. राकेश अग्रवाल, डॉ अरबेद्र उपाध्याय ,डॉ . स्काई तूफान, डॉक्टर श्री राम द्विवेदी ,डॉ भीम कुशवाहा, डॉ अरुण सोनी, डॉ अमित मिश्रा ,श्रीमती पूनम पटेल एवं समस्त विद्यार्थी तथा शैक्षणिक व अशैक्षणिक कर्मचारीगण की महत्वपूर्ण भूमिका रह।

## लघु वेतन कर्मचारी संगठन द्वारा संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित करने की अपील

**रीवा।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के उप प्रांताध्यक्ष एवम् जिला अध्यक्ष के.सी. त्रिपाठी ने कमिश्नर/ कलेक्टर के साथ साथ सभी विभाग प्रमुखों से अपील की है कि मध्य प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग (शासकीय कर्मचारी कल्याण संगठन) मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के पत्र क्रमांक एफ़ 56/ 2013/ 1 15/ क. क. भोपाल में दिए गए निर्देश का पालन करते हुए सभी विभाग प्रमुख तत्परता के साथ संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित करते हुए मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों को वार्ता के लिए आमंत्रित करे। उक्त आदेश के अनुसार वर्ष में चार बार अर्थात तीन माह में एक बार बैठक आयोजित किए जाने का प्रावधान है। सक्षम अधिकारी अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत शासकीय सेवकों के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उचित निराकरण करेंगे। कार्यवाही विवरण से शासन को भी अवगत कराने का निर्देश है।

## आधार को मिला पोस्ट ऑफिस का आधार

### धनपुरी पोस्ट ऑफिस में आधार मशीन उपलब्ध




**धनपुरी।** आधार कार्ड की अनिवार्यता अहम मानी जा रही है को ध्यान में रखते हुए अधीक्षक डाकघर शहडोल संभाग श्री आर. के. तिवारी जी के प्रयास से आमजनों की समस्या को ध्यान में रखते हुए आधार कार्ड बनाने मशीन की व्यवस्था धनपुरी पोस्ट ऑफिस में की गई है जिससे लोगों को अब आधार कार्ड बनवाने के लिए यहां वहां भटकना नहीं पड़ेगा। धनपुरी पोस्ट मास्टर अतुल मिश्रा ने बताया कि आधार कार्ड बनाने सुधार कराने को लेकर आधार कार्ड जिन उपभोक्ताओं के पूर्व में बना है उसमें कुछ त्रुटियां होने के चलते जिसको सुधार करवाने और अपने सगे-संबंधियों का आधार कार्ड बनवाने के लिए अब उपभोक्ता को कहीं भटकने की जरूरत नहीं धनपुरी पोस्ट ऑफिस में ही अब आधार कार्ड सुधरवाने व बनवाने के लिए निर्धारित शुल्क देकर आधार कार्ड बनवा जा सकता हैं। आधार कार्ड शतप्रति शुद्धता ना होने के कारण भी कई बार देखा जाता है कि स्कूल बैंक पोस्ट ऑफिस सरकारी कार्यालयो संस्थाओं में महत्वपूर्ण कार्यो मे रुकावट पैदा हो जाती है आधार सुधार कराने को लेकर उपभोक्ता यहा वहा भटकते परेशान देखे जा रहे है कई लोग महीनों से यहां वहां चक्कर काटते हैं फिर भी काम नहीं हो रहा है। अब धनपुरी पोस्ट ऑफिस में निर्धारित शुल्क देकर आधार कार्ड को अपडेट करा सकते हैं।

### इनका कहना है

आधार कार्ड बनाए जा रहे जिन उपभोक्ताओं को आधार कार्ड बनवाना है निर्धारित शुल्क देकर आधार कार्ड अपडेट कराऐ

**अतुल मिश्रा,पोस्ट**

## उप मुख्यमंत्री ने आम का पौधा लगाकर अभियान का किया शुभारंभ

# उप मुख्यमंत्री ने पौधारोपण अभियान एवं प्लांट एडाप्शन कैंपेन का किया शुभारंभ








*विकसित रीवा के साथ ग्रीन, क्लीन व हेल्दी रीवा बनाने में सहभागी बनें - उप मुख्यमंत्री*

रीवा

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि आज एक पुनीत कार्य की शुरूआत हो रही है। पौधों से धरती का श्रृंगार होता है तथा यह आने वाली पीढ़ी के लिए उपयोगी होंगे। उन्होंने विकसित रीवा के साथ ग्रीन, क्लीन व हेल्दी रीवा बनाने में सभी के सहयोग की अपेक्षा की। राजेन्द्र शुक्ल ने लक्ष्मणबाग परिसर में आम का पौधा लगाकर पौधारोपण अभियान एवं प्लांट एडाप्शन कैंपन का शुभारंभ किया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा करना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। रीवा शहर में जो पूर्व में पौधे लगाए गए थे उसके कारण काफी क्षेत्र हरा-भरा हो गया है। अब सड़कों के किनारे तथा खाली भूमि में पौधारोपण कर रीवा को हरीतिमा युक्त बनाना है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर में 25 हजार पौधे लगाएं। पौधारोपण करने में सामाजिक संगठनों की भी सहभागिता हो। राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि इंजीनियरिंग महाविद्यालय व अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में बड़े क्षेत्र में वृक्षारोपण कर पाथवे बनाकर घूमने योग्य पार्क बनाए गए हैं। सिविल लाइन में आधुनिक पार्क का निर्माण किया जा रहा है। इसी प्रकार एकांत पार्क भी बनाया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी के एक पेड़ माँ के नाम अभियान में सभी भागीदारी निभाएं तथा अपने परिजनों की स्मृति में पौधे लगाकर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी लें। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने लक्ष्मणबाग परिसर रीवा में स्थित संकट मोचन राजेन्द्र हनुमान जी का दर्शन कर उनकी पूजा-अर्चना की। उन्होंने लक्ष्मणबाग गौशाला में गौपूजन कर खाना खिलाया तथा उन्हें दुलार किया।

इससे पूर्व सीईओ जिला पंचायत एवं प्रभारी आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे ने कहा कि सघन पौधारोपण से शहर हरा-भरा होगा। उन्होंने इस अभियान को जन अभियान बनाने की बात कही। इस अवसर पर वन मण्डलाधिकारी अनुपम शर्मा ने बताया कि वन विभाग द्वारा शहर में सघन पौधारोपण किया जाएगा। सड़कों के दोनों किनारों तथा खाली पड़ी जमीन में पौधारोपण किया जाएगा। लक्ष्मणबाग परिसर में साढ़े तीन हजार फलदार पौधे लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्लांट एडाप्शन कैंपेन के तहत आमजन क्यूआरकोड तथा टैग्स की पौधे के साथ फोटो खींचकर प्रमाण पत्र जनरेट कर सकते हैं। उनके द्वारा लगाए गए पौधे की जिम्मेदारी संबंधित की होगी कि वह उसकी सुरक्षा करें। अपने खास दिवसों व परिजनों की स्मृति में भी पौधे लगाकर लोग इस अभियान से जुड़ें। वन विभाग द्वारा लक्ष्मणबाग परिसर में पोषण वन के तहत आयोजित पौधारोपण अभियान में सीईओ जिला पंचायत, सीएमओ घनश्याम ताम्रकार, बाला व्यंकटेश शास्त्री, डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी, राजेश पाण्डेय, योगेन्द्र द्विवेदी सहित अधिकारियों एवं स्थानीय जनों ने पौधारोपण किया।

## सीसीटीवी कैमरे ने उगला कोतवाली पुलिस की बदनामी का राज, यूटूबर ने रची थी साजिश




**रीवा।** जिले की पुलिस ही नहीं सरकारी अमला यूटूबरों से परेशान है। पत्रकारिता के क ख ग घ का ज्ञान नहीं है परंतु मोबाइल पर किसी भी कहानी को तोड़ मरोड़ कर किसी को बदनाम करने का हुनर जरुर है। मजे की बात तो यह है कि इन्ही यूटूबरों को पुलिस सहित सरकारी तंत्र पत्रकार भी मानता है, क्योङ्कषक पुलिस अधिकारी सहित प्रशासनिक अधिकारी सोशल मीडिया में अपना चेहरा चकमाने की तड़प रखते हैं। और उनको पास बैठा कर चाय पान से नवाजते है, आंख तो तब खुलती है जब वहीं भस्मासुर की भूमिका पर उतारू हो जाते हैं। हाल ही में कोतवाली की एक खबर यूट्बर ने सोशल मीडिया पर चलाई जिसमें बताया गया कि जुआं के फड़ पर पुलिस ने लाखों का खेला खेल दिया। जुआरियों को पकड़ कर दांव में लगी राशि तो हजम कर ही ली साथ खिलाडिय़ों को छोडऩे के लिए जमकर वसूली हुई। यह बात जब सामने आई तो उस खबर की तह से जो निकला वो काफी चौकाने वाला रहा है। इस बात का खुलासा जगह-जगह लगे सीसीटीवी कैमरों ने किया। बताते चले कि कोतवाली क्षेत्र के सर्राफा बाजार में जुआं का लंबा खेल चलता है, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन जिस घटना को यूटूबर ने जुआं से जोड़ कर सोशल मीडिया पर चलाई उससे यह साबित होता है कि यूटूबर ने या तो जुआंडियो पर दबाव बनाने का काम किया या फिर पुलिस पर अपनी पत्रकारिता का रूआब दिखाया। फिलहाल सीसीटीवी कैमरे में देखा जा रहा है कि कोतवाली पुलिस ने सडक़ से संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा है जिनको कोतवाली ले जाया गया न कि जुआं की फड़ से युवक पकड़े गये। फिलहाल इस संबंध में जब कोतवाली टीआई से जानकारी चाही गई तो उन्होने बताया कि पुलिस का काम गस्त करना है इस दौरान कोई संदिग्ध नजर आये तो उसे पकड़ कर थाना लाके पूछताछ करना होता है।जिस घटना की खबर यूटूबर ने चलाई है उस रात पुलिस की चीता गाड़ी गस्त पर थी। गस्त के दौरान सर्राफा मार्केट सुलभ का लेक्स के पास दो युवक संदिग्ध हालत में मिले जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किये। पुलिस ने पीछा कर उनको पकड़ लिया और थाना लेकर आ गई। पकड़े गये युवको का कोई अपराधिक रिकॉड न होने पर उनके परिजनों को बुलाकर सुपुर्द कर दिया गया था। जिससे सीसीटीवी फुटेज घटना से लेकर कोतवाली तक उपलब्ध है। कोतवाली टीआई ने बताया कि मनगढ़ंत खबर चलाने के पीछे यूटूबर की मंशा क्या थी यह तो वही बता सकता है।

## खबर संक्षेप



### वृहद रूप से चलाया जा रहा पौधरोपण अभियान

**अनूपपुर।** 5 जून से 15 अगस्त तक कुल 72 दिवसीय प्रदेश व्यापी ₹वृहद वृक्षारोपण विशेष अभियान₹ म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निदेर्शानुसार आज दिनांक 29 जून को ₹वृहद वृक्षारोपण अभियान₹ के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पी.सी. गुप्ता के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनूपपुर के द्वारा जिला जेल अनूपपुर में वृक्षारोपण किया जा रहा है। लगातार बढ़ रहे तापमान को दृष्टिगत रखते हुए इस अभियान में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती मोनिका आध्या, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती चैनवती ताराम, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री अंजली शर्मा, भारतीय स्टेट बैंक, शाखा अनूपपुर से सतीश मिश्रा, भारतीय स्टेट बैंक शाखा कलेक्ट्रेट ऐरिया से बैजनाथ कुमार, डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल रामकृष्ण सोनी, असिस्टेंट डिफेंस काउंसिल आयुष सोनी, विकास शुक्ला ने जिला जेल परिसर में बंदियों एवं जेल अधीक्षक इंद्रदेव तिवारी के सहयोग से आज का वृक्षारोपण अभियान सफल हुआ। जिला जेल अनूपपुर में लगभग 500 फलदार वृक्ष लगाने का स्थान सुनिश्चित किया गया है। लगातार यह अभियान 15 अगस्त तक चलता रहेगा। जेल अधीक्षक इंद्रदेव तिवारी ने पौधों के रखरखाव हेतु समुचित व्यवस्था की गई। श्रीमती मोनिका आध्या जी ने वृहद वृक्षारोपण अभियान के संबंध में आगामी तिथियों में गांव एवं कस्बों पर पौधे रोपित करने की अपील की।

### आज से एक अक्टूबर तक रेत का उत्खनन पूर्णतः प्रतिबंधित

**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने जिले में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मानसून सत्र की अवधि में 30 जून की मध्य रात्रि के पश्चात से एक अक्टूबर 2024 तक जिले के समस्त रेत खदानों के लिए चिन्हित घाटों से रेत खनन कार्य को पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया है। उन्होंने जिले में स्वीकृत समस्त रेत खदानों के संचालकों को इस आदेश का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। यह प्रतिबंध भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा सस्टेनेबल सेंड माइनिंग मेनेजमेन्ट गाइडलाइन्स के पालन में लागू किया गया है।

### आज विद्युत आपूर्ति रहेगी अवरूद्ध

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर के अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) ने बताया है कि अनूपपुर वृत्तांतर्गत 220 केव्ही उपकेन्द्र अनूपपुर में स्थापित नए दो नग 33 केव्ही एसईसीएल फीडर एवं एक नग 33 केव्ही 12 एमव्हीएआर कैपासिटर बैंक को 33 केव्ही मेन बस में जोड़ने हेतु 33 केव्ही मेन बस में शटडाउन की आवश्यकता है। जिसके कारण 30 जून को प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक उप संभाग अनूपपुर अंतर्गत अनूपपुर (शहर) वितरण केन्द्र, अनूपपुर (ग्रामीण) वितरण केन्द्र, चचाई वितरण केन्द्र, जैतहरी वितरण केन्द्र तथा उप संभाग राजेन्द्रग्राम अंतर्गत राजेन्द्रग्राम वितरण केन्द्र, अमरकंटक वितरण केन्द्र तथा बेनीबारी वितरण केन्द्र से जुड़े समस्त विद्युत उपभोक्ताओं के यहां विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगा। आवश्यकतानुसार विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहने की समयावधि को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

## प्रशासन की उदासीनता के चलते हालात चिंताजनक

# भूख प्यास से तड़पने गौमाता को छोड़ा

**अनूपपुर।** गौशाला को महिला समूह को देने के बाद गौमाता को भूख प्यास से तड़पने के लिए छोड़ दिया गया है। शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह के ससुराल पक्ष के गांव दारसागर में गौशाला की हालत बेहद दयनीय है। गौशाला की देखरेख का जिम्मा भारती महिला समूह को दिया गया है जहां महिला समूह की महिलाओं की जगह उनके पतियों द्वारा गौशाला की देखरेख की जा रही है। गौशाला में गायों की देखरेख में इस कदर लापरवाही बरती गई कि यहाँ दो गायों की मृत्यु भूख प्यास से तड़पकर हो गई। गौशाला में दो गाय मृत हालत में पड़ी हुई थी और गौशाला में ताला जड़ा हुआ था। दारसागर गौशाला के अंदर लगभग आधा सैकड़ा से भी ज्यादा पशु अंदर थे लेकिन उनके खाना और पानी की सुविधा गौशाला से नदारत थी। जब समूह के संचालक और सचिव से बात करने का प्रयास किया गया तो समूह के सचिव के पति द्वारा पूरे मामले में हस्तक्षेप किया गया।

### लापरवाही ने ले ली गौवंश की जान

दारसागर गौशाला में भारती महिला समूह की लापरवाही इस कदर हावी है कि गायों को खाने के लिए भूसा और पीने के लिए पानी भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। गौशाला के स्टॉक में भूसा भले ही पर्याप्त मात्रा में रखा हो लेकिन गायों को खाने के लिए भूसा नहीं दिया जा रहा है। गायों के भूसा खाने के लिए बनाए गए पात्र पूरी तरह खाली पड़े हुए थे। गौशाला में दो गाय मृत स्थिति में पड़ी हुई थी और बाहर से ताला जड़ा हुआ था। जिससे यह स्पष्ट है कि महिला समूह द्वारा प्रतिदिन गौशाला में गायों की देखरेख नहीं की जाती है और न ही उन्हें खान-पान की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। पीने के पानी के लिए बनाए गए टंकी में शैवाल जमे हुए हैं जो कि कई महीनो से साफ नहीं हुए होंगे, इसके साथ ही खाने के लिए बनाई गई भूसा से की टंकियां पूरी तरह से रिक्त पड़ी हुई है। महिला समूह को गौशाला से मिलने वाली राशि का बंदर बांट किया जा रहा है ना तो गायों को सही तरीके से खाना के दिया जा रहा है और ना ही पानी की व्यवस्था बनाई जा रही है।

### गौशाला की स्थिति बेहद चिंताजनक

ग्राम पंचायत एजेंसी द्वारा भले ही महिला समूह को गौशाला में गायों की देखरेख का जिम्मा सौंपा हो, लेकिन महिला समूह द्वारा गायों की देखरेख नहीं की जा रही है। गौशाला में न तो गायों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाता है। और ना ही समय पर खाना और पानी की व्यवस्था की जाती है। यहां तक कि समूह संचालक द्वारा गौशाला के अंदर ही मल मूत्र को एकत्रित कर लगभग दो महीने से रखा गया है जिससे कई प्रकार की बीमारियां पशुओं को लग रही है। समूह संचालक के जगह उनके पति कभी कभार गौशाला की तरफ झांक लेते हैं, लेकिन समूह संचालक को गौशाला से किसी तरह का वास्ता नहीं है जिस कारण से गौशाला की स्थिति बेहद चिंताजनक हो गई है और गायो की लगातार मृत्यु हो रही है।

> जिले में प्रशासन की उदासीनता के कारण गौशाला की हालत चिंताजनक हो गई है। गौशाला में गायों की मृत्यु और उसके बाद बिना पंचनामा के उसे खुले में फेंक देने के मामले कई बार सामने आए हैं। वर्तमान में शहडोल सांसद के ससुराल पक्ष गांव दारसागर की गौशाला में गौमाता भूख और प्यास से तड़प कर मर रही हैं जिसे देखने के लिए ना तो कोई जनप्रतिनिधियों और ना ही ग्राम पंचायत एजेंसी द्वारा ध्यान दिया जा रहा है।

### गायों की मृत्यु पर मामला दर्ज करने की मांग

दारसागर गौशाला में समूह के द्वारा की जा रही लापरवाही गायों के साथ हो रही बर्बरता को और गायों की मृत्यु को लेकर समूह संचालक और सचिव के ऊपर मामला पंजीबद्ध करने की मांग बजरंग दल के जिला संयोजक कल्याण सिंह डब्बू के द्वारा की गई है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा गायों के भोजन और उनकी देखरेख के लिए पंचायत के माध्यम से पर्याप्त राशि आवंटित की जाती है फिर भी चंद पैसों की लालच में गायों का आहार भी उन्हें नहीं दिया जा रहा है जोघोर भ्रष्टाचार और लापरवाही है, गायों की भूख प्यास से तड़प कर मृत्यु हो जाना समूह की लापरवाही है। लापरवाही पर समूह संचालक और उसके सचिव के ऊपर मामला पंजीबद्ध कार्यवाही की जानी चाहिए और गौशाला की जिम्मेदारी किसी और को दी जाए।

## समूह संचालक पर मामला दर्ज करने की मांग

### सांसद के ससुराल में गौवंश का हाल बेहाल

शहडोल संसद के ससुराल पक्ष का गांव दारसागर है जहां गौशाला की स्थिति बेहद दयनीय है। आए दिन समूह संचालकों की लापरवाही से गायों की मौत हो रही है, लेकिन क्षेत्र की सांसद और गांव की बहू होने के बाद भी क्षेत्र में ना तो एक भी विकास कार्य हो रहे हैं और ना ही उक्त लापरवाही पर सांसद का ध्यान जा रहा है। कुल मिलाकर कहा जाए तो सांसद क्षेत्र से विलुप्त होकर पुष्पराजगढ़ के हवेली तक सीमित होकर रह गई हैं। दारसागर की जनप्रतिनिधि होने के बाद भी गाय भूख और प्यास से तड़प रही हैं। देखना यह है कि उक्त मामले में क्या सांसद कार्रवाई करवा पाती हैं या फिर गायों की मौत लापरवाही की भेंट चढ़ जाएगी।

### इनका कहना है

हमारे द्वारा प्रतिदिन खाने को भूसा और पानी दिया जाता है। गौशाला के अंदर पड़े हुए गोबर को बेचकर पैसा आएगा तो काम करेंगे।

**रमेश केवट**
**समूह संचालक सचिव के पति**

जल्द ही पूरे मामले को संज्ञान में लेकर समूह के ऊपर मामला पंजीबद्ध करने के लिए हम प्रशासन को बोलेंगे। गायों के साथ ऐसी बर्बरता बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

**कल्याण सिंह, जिला संयोजक**
**बजरंग दल अनूपपुर**

# कल से नया आपराधिक कानून लागू




### घर बैठे ही दर्ज होगी ई-एफआईआर, आम नागरिकों को मिलेगा फायदा

**अनूपपुर।** देश मे अब एक जुलाई से नया आपराधिक कानून लागू होने जा रहा है। हत्या, लूट, बलात्कार जैसे कई गंभीर अपराधों पर घर बैठे ही ई-एफआईआर दर्ज कराई जा सकेंगी। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के नियम से लोगों को अब थानों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। चौकी से लेकर थानों तक इस संबंध में सभी थाना और चौकी प्रभारीयों सहित पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें बताया गया कि नए कानून की किस तरह व्यवस्था करनी है। 1 जुलाई से जो क्रिमिनल जस्टिस से संबंधित जो तीनों नए कानून है उनका क्रियान्वयन होने जा रहा है। नए कानून नागरिकों के अधिकारों और पीड़ति को न्याय दिलाने के लिए आधारित है। इसकी अवधारणा विक्टिम ओरिएंटेड और न्याय ओरिएंटेड है। समय तरीके से पूरी पारदर्शिता के साथ विवेचना हो और सही समय से ट्रायल कनक्लूड हो और पीड़ति को न्याय मिल सके इस अवधारणा पर यह न्याय प्रणाली आधारित होगी।

### कहीं से भी कर सकते है ई-एफआईआर

यह जो न्याय प्रणाली और जो कानून लागू होंगे वह विक्टिम सेंट्रिक है और जस्टिस सेंट्रिक है। इसमें कोई भी पीड़ति व्यक्ति अपने घर पर बैठकर भी ई-एफआईआर के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कर सकता है। अब क्षेत्राधिकार का विषय नहीं है। भारत के किसी भी राज्य में किसी भी जगह आप रहते हैं आप अपने अपराध की सूचना एफआईआर कहीं भी (0) एफआईआर के रूप में करा सकते हैं।

### आम नागरिकों को मिलेगा फायदा

नए कानून है इसमें समयबद्धता भी है। आपको समय अवधि के अंदर काम करना पड़ेगा। इसमें टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया है। कई चीजों की वीडियोग्राफी होगी और डिजिटल एविडेंस होगा। अकाउंटेबिलिटी भी है कि, कितने समय में विवेचना पूरी होगी तो कई सारे ऐसे परिवर्तन लिए गए हैं जो महिलाओं और बच्चों और आम नागरिकों के लिए उनके अधिकार की सुरक्षा के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा इस नए कानून से आम नागरिक को फायदा मिलने वाला है। इसके साथ ही उन्होंने काना जब आप किसी ऋकफ का इन्वेस्टिगेशन करते हैं तो पीड़ति व्यक्ति या जो फरियादी है उसके संज्ञान में रहना चाहिए कि केस में आखिर क्या हुआ और नए कानून में स्पष्ट प्रावधान बताया गया है कि 90 दिन के अंदर विवेचक आपको अवगत कराएंगे कि आपके केस की प्रोग्रेस क्या है।

# घायल महिला की इलाज के दौरान मौत, धरने पर बैठी आक्रोशित जनता

## 4 घंटे की जाम में फंसे सैकड़ों वाहन

**कोतमा।** भालूमाड़ा थाना अंतर्गत कुशियरा रेलवे अंडर ब्रिज के पास तेज रफ्तार एवं ओवर लोड हाईवा द्वारा महिला प्रीति शुक्ला 36 वर्ष को कुचलने के बाद उपचार के दौरान जबलपुर में हुई मौत के बाद शनिवार को आक्रोशित परिजन एवं ग्रामीणों के द्वारा नेशनल हाईवे 43 पर शव रखते हुए रात साढ़े 7 बजे जाम लगा दिया गया। जाम लगने की सूचना पर आनन-फानन में अनुविभाग के समस्त पुलिस अधिकारी एवं भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। परिजन, ग्रामीण एवं कई जनप्रतिंनिधी मृत्तिका प्रीति शुक्ला के दोनो बच्चो व परिवार को आर्थिक मदद एवं नौकरी की मांग को लेकर अड़े रहे। अंत में 1 लाख त्वरित सहयता, पति को नौकरी एवं उपचार में खर्च हुए राशि को प्रदान करने की सहमति के बाद जाम हटा।

### 4 घंटे जाम में फंसे सैकड़ो वाहन

शाम साढ़े 7बजे के आसपास हाईवे के जमुना बदरा तिराहे पर लगाए गए जाम में दोनों तरफ सैकड़ो ट्रक फंस गए वहीं आधा दर्जन बसों की सवारी सहित, कई चार पहिया वाहन भी जाम में फसे नजर आये। जाम के दौरान पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक जय सिंह मरावी का वाहन भी जाम में फस गया जिसके बाद विधायक द्वारा आक्रोशित परिजनो से बात करते हुए हाईवे पर लगे जाम की सूचना जिला प्रशासन को दी गई। जिला प्रशासन के निर्देश के बाद जाम के 3 घंटे बाद आनन-फानन में कंपनी के प्रतिनिधि व एसडीएम कोतमा अजीत तिर्की द्वारा मौके पर पहुंचकर परिजनों से बातचीत कर उनकी मांगों को पूरी करने आश्वासन देते हुए रात 11:30 बजे के आसपास जाम को खुलवाया जा सका।

### यह है पूरा मामला

बताया जाता है कि 24 जून को लखन कुमार शुक्ला अपनी पत्नी प्रीति शुक्ला 36 वर्ष निवासी कोतमा को उपचार हेतु ले जानें के दौरान जैतहरी पॉवर प्लांट में लगे हाईवा वाहन क्रमांक एमपी 34 एच 1080 के चालक द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दुर्घटना को अंजाम दिया। हादसे में महिला के दाए पैर दर्दनाक रूप से कुचल जानें पर शहडोल उपचार के बाद जबलपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई।

### वाहनों पर रोक लगाने हुई थी मांग

ज्ञात हो कि जैतहरी स्थित मोजर बेयर पावर प्लांट से निकलने वाले फ्लाई ऐश राखड़ जो कि प्रतिदिन सैकड़ो ट्रक हाईवे एवं टेलर के माध्यम से हरद एवं कोतमा के समीप गढ़ी में डंप कराया जाता है। ओवरलोड राखड़ भरते हुए ज्यादा चक्कर लगाने के लालच में चालक द्वारा सड़कों पर तेज एवं बेलगाम गति से भारी वाहनों को दौड़ाते है जिससे कई बार हादसे होते होते बचे हैं। पूर्व में जिला प्रशासन को राम जी मिश्रा जिला पंचायत सदस्य एवं अन्य नागरिकों द्वारा ज्ञापन सौंप कर हादसे की आशंका को लेकर वाहनों पर रोक लगाने एवं कार्यवाही की मांग की गई थी मगर प्रशासन द्वारा कोई प्रभावी कार्यवाही न किए जाने के कारण उक्त हादसा घटित हुआ। प्रशासन की बड़ी लापरवाही के कारण असमय एक महिला की मौत होने से उसके दो बच्चे 7 एवं 5 वर्ष अनाथ हो गए एवं चार घंटे तक कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ी रही। जाम के दौरान घटनास्थल पर उपस्थित एसडीएम अजीत तिर्की एवं पुलिस के उच्च अधिकारियों से ग्रामीणों द्वारा बड़े वाहनों को इस मार्ग से गुजरने पर रोक लगाने को लेकर भी प्रशासन से तीखी बहस कर रहे थे। नेशनल हाईवे पर जाम लगने के बाद मौके पर एसडीउएम कोतमा अजीत तिर्की, नायब तहसीलदार फुनगा थाना प्रभारी राकेश उइके, अमर वर्मा, सुंद्रेश मरावी सहित कोतमा बिजुरी रामनगर भालूमाड़ा की पुलिस मौके पर मौजूद रहीं।

# दो हाथियों के समूह ने 15वें दिन गोबरी के जंगल में डाला डेरा

## मौके पर पहुंचे सीसीएफ, ग्रामीणों के साथ बैठक का दौर जारी



**अनूपपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य से विगत 15 दिनों पूर्व अनूपपुर जिले के जैतहरी एवं अनूपपुर वन परिक्षेत्र एवं थाना क्षेत्रों में दो नर हाथियों का समूह ने आज 15 वें दिन फिर से गोबरी बीट के कक्ष क्रमांक 302 के जंगल में डेरा जमाये हुए है जो विगत दो दिन पूर्व दोनों में जंगलों में ठहरने/विश्राम करने बाद देर,रात में गोबरी, नगर परिषद जैतहरी के वार्ड क्रमांक 15, 13 ग्राम पंचायत छुलहाहा के बेलिया, ग्राम पंचायत पंगना के पगनाकछरा में विचरण करते हुए बढ़ौना खार के जंगल में शुक्रवार को ठहरे रहे जो शुक्रवार को गोबरार नाला मे रहे। शनिवार की सुबह 4 बजे के लगभग गोबरी में महावीर वर्मा के खेत में बनी झोपड़ी को तहस-नहस करने बाद फिर से मुख्य मार्ग पारकर गोबरी के कक्ष क्रमांक 302 ठाकुरबाबा के पास ठहरे हुए हैं। हाथियों के निरंतर विचरण करने पर मुख्य वन संरक्षक शहडोल एलएल उईके, वन मण्डलाधिकारी अनूपपुर शुश्री श्रद्धा पेन्द्रे, एसडीओ वन प्रदीपकुमार खत्री, जैतपुर एसडीओ आईएफएस गौरव जैन, अनूपपुर, जैतहरी, राजेंद्रग्राम के वन परिक्षेत्र अधिकारी के साथ जिला मुख्यालय अनूपपुर के वन्यजीव संरक्षक शशिधर अग्रवाल ने हाथी प्रभावित क्षेत्र गोवरी, ठेंगरहा, पगना, दुधमनिया, केकरपानी, गौरेला का भ्रमण कर ग्रामीणों को हाथियों के समूह से दूर रहने, गांव से बाहर जंगल के किनारे बसे ग्रामीणों को अंधेला होने के पूर्व आबादी वाले क्षेत्र या पक्के मकानो या छतो में रहने की अपील के साथ मुख्य वन संरक्षक उईके ने कहा कि यह दो हाथी विगत वर्ष जुलाई में आए पांच हाथियों के समूह के सदस्य हैं जो छत्तीसगढ़ राज्य से विचरण करते हुए मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले में विगत 15 दिनों से निरंतर विचरण कर रहे हैं जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसे देखते हुए वन विभाग द्वारा बड़े पैमाने पर हाथी प्रभावित क्षेत्रो के हाथी विशेषज्ञों को पश्चिम बंगाल एवं अन्य स्थानों से एक बड़ा दल इस स्थल पर बुलाया जा रहा है जो इन प्रवासी हाथियों को जिले से बाहर करने में मदद करेंगे।

### बैठक कर समस्याओं पर की चर्चा

इस दौरान अनूपपुर कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देश पर एसडीएम जैतहरी के साथ तहसीलदार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जैतहरी द्वारा गोवरी, पंगना, दुधमनिया, ठेगरहा, गौरेला, ठेही आदि ग्रामों में गाम पंचायतो के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के साथ बैठक कर हाथियों के प्रवास के दौरान उत्पन्न समस्याओं पर चर्चा की। अनूपपुर कलेक्टर के निर्देश पर हाथियों के द्वारा किए जा रहे विभिन्न प्रकार के नुकसान पर तत्काल राहत प्रकरण तैयार कर एक सप्ताह की मध्य भुगतान किए जाने हेतु प्रत्येक दिन पटवारियों के माध्यम से नुकसानी का सर्वेक्षण किया जा रहा है। दो हाथियों का यह समूह संभवतः अपने साथियों की तलाश करने के उद्देश्य से क्षेत्र में डेरा जमाए हुए हैं यह दोनों हाथी विगत 15 दिनों से उन्ही-उन्ही क्षेत्रो, मार्गो वनो में विचरण करते हुए ठहरते हैं जहां उनके तीन अन्य साथी विचरण करते तथा ठहरते रहे हैं।

### 7 ग्रामीणों को प्रदान की गई 37 हजार की आर्थिक सहायता राशि

जंगली हाथियों से प्रभावित ग्रामों के किसानों के मकानों की क्षति होने पर राज्य शासन के प्रावधान अनुसार कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के दिशा निदेर्शानुसार प्रभावित ग्रामीणों को राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6 (4) के अनुसार आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत कर प्रदान की गई है। तहसील जैतहरी के प्रभारी तहसीलदार अनुपम पांडे द्वारा बताया गया है कि जंगली हाथी द्वारा ग्राम चोलना के 2 मकान छती प्रभावितों, ग्राम पगना के 2, ग्राम ठेही के 01 तथा ग्राम गौरेला के 2 प्रभावित किसानों यानी कुल 7 मकान क्षति प्रभावित किसानों को 37 हजार 500 की राहत राशि उनके बैंक खातों में प्रेषित की गई है। जंगली हाथी से प्रभावित क्षेत्रों में क्षति के आकलन के संबंध में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ द्वारा निर्देश दिए गए हैं जिसके परिपालन में आज राजस्व अधिकारियों द्वारा प्रभावित ग्रामों में शिविर कर आवश्यक जानकारी संग्रहित की गई। जंगली हाथियों से प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा मानकों का ध्यान रखने तथा सुरक्षात्मक आवश्यक सलाह भी ग्रामीणों को दी गई। ग्रामीणों को आश्वस्त किया गया किसी भी तरह की आवश्यकता प्रतीत होने पर जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की हर संभव मदद सुनिश्चित की जाएगी। शिविर के दौरान राजस्व अधिकारियों ने ग्रामीणों को शासन के निर्देशानुसार हर संभव आर्थिक मदद उपलब्ध कराए जाने की बात कही।

# परीक्षाओं में हो रहे घोटाले के विरोध में भारतीय युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**अनूपपुर।** भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रदेश प्रभारी शेषनारायण ओझा एवं प्रदेशाध्यक्ष मितेन्द्र दर्शन सिंह के निदेर्शानुसार मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव संजय सोनी के नेतृत्व में आज दर्जनों युवा अनूपपुर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम नीट, यूजीसी, नेट एवं नर्सिंग परीक्षाओं में हो रहे घोटाले के विरोध में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपते हुए संजय सोनी ने बताया कि देश एवं मध्य प्रदेश में लगातार परीक्षाओं में घोटाले हो रहे हैं हाल ही में नीट, यूजीसी नेट एवं मध्य प्रदेश में नर्सिंग घोटाला हुआ जिससे कि लाखों छात्रों का भविष्य अंधकार की ओर जा रहा है देश एवं प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह परीक्षा लीक सरकार हो गई है और यह सब कुछ सरकार के संरक्षण के बगैर संभव नहीं है। भाजपा के शासनकाल में लगातार छात्र एवं युवा अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है कुछ समय पहले पटवारी परीक्षा में भी घोटाला हुआ था देश एवं प्रदेश में परीक्षाओं में घोटाला रुकने का नाम नहीं ले रहा है क्योंकि यह सब कुछ भाजपा के संरक्षण में हो रहा है आज हम भारतीय युवा कांग्रेस के साथी महामहिम राष्ट्रपति महोदय जी से मांग करते हैं कि आप स्वयं अपनी निगरानी में पूरे घोटाले की जांच कराएं और दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो। मुख्य रूप से उपस्थित युवा कांग्रेस जिला महासचिव विनायकांत प्रजापति, डॉ रोहित मरावी, सैफ रिजवी, सचिन पटेल, ऋषि वंशकार, सीमा सिंह, लकी झरिया, लालजी पटेल, मनीष पटेल, हीरामणि परस्ते, अजय चौधरी, कमलेश सिंह, संतोष कुमार सिंह, आशीष वर्मा, कृष्णा राठौर मोहन सिंह आदि उपस्थित रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भेजरी**
**जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश**

क्र.04/ग्रा.पंचा./2024 — **बाजार नीलामी विज्ञप्ति** — दिनांक-28/06/2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भेजरी के साप्ताहिक बाजार दिन- शनिवार की नीलामी कार्यवाही दिनांक 04/07/2024 को समय दोपहर 12:00 से शाम 04:00 बजे तक ग्राम पंचायत भवन में किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार नीलामी में भाग लेने हेतु ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित अमानत राशि 20,000.00 (बीस हजार रूपये मात्र) दिनांक 03/07/2024 कार्यालीन समय शाम 05 बजे तक उपस्थित होकर पंचायत सचिव के पास नगद जमा कर नीलामी में भाग ले सकते हैं।

**(सरपंच) ग्राम पंचायत भेजरी**
**जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ जिला-अनूपपुर (म.प्र.)**